# त्रैमासिक परीक्षा 2025-26

**विषय :- हिन्दी**

**कक्षा :- 12वी** **पूर्णांक - 80**

---

प्र.1 निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प चुनकर लिखिए - (1x6)

1) हालाबाद के प्रर्वत्क कवि है -

(अ) जय शंकर प्रसाद (ब) अज्ञेय (स) हरिवंशराय बच्चन (द) महादेवी वर्मा

2) दिन जल्दी-जल्दी ढलता है, कविता में कवि हताश व दु:खी क्यों है ?

(अ) आर्थिक हानि के कारण (ब) अपराध के कारण (स) परिवार से बिछुड़ने के कारण (द) इनमें से कोई नहीं

3) भक्तिन गले में पहनती थी ?

(अ) मणिमाला (ब) कंठीमाला (स) मोती माला (द) सोने की माला

4) बाजार दर्शन पाठ है -

(अ) सामान (ब) खरीदने की शक्ति (स) अग्रिम राशि (द) इच्छा

5) यशोधर का पूरा नाम है -

(अ) यशोधर बाबू (ब) ए.डी.पंत (स) वाई.डी.पंत (द) ओ.डी.पंत

6) आधुनिक छापखाना का अविष्कार हुआ-

(अ) भारत में (ब) चीन में (स) जर्मनी (द) अमेरिका में

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- (1x6)

1) आश्रय की बाह्य शारीरिक चेष्टाएँ................कहलाती है ।

2) दुनिया की सबसे रंगीन और हल्की चीज......................है।

3) वह शब्द जो क्षेत्र विशेष में बोले जाते है ..................कहलाते है ।

4) स्तंभ लेखन......................लेखन का प्रमुख रूप है ।

5) सिल्वर बैडिंग के कथानायक .....................को अपना आदर्श मानते थे ।

6) आचार्य भरत ने .....................को काव्य की आत्मा मानी है ।

प्र.3 सत्य/असत्य कथन लिखिए । (1x6)

1) काले मेघा पानी दें, पाठ रेखाचित्र है ।

2) जैनेन्द्र कुमार मनोवैज्ञानिक उपान्यासकार है ।

3) बच्चे प्रत्याशा में नीडो से झांक रहे होंगे ।

4) छायावाद के प्रर्वत्तक जयशंकर प्रसाद है ।

5) जूझ कहानी गोदान उपन्यास का अंश है।

6) कवियों ने प्रकृति का मानवीकरण किया है ।

प्र.4 सही जोड़ी मिलाईए - (1x7)

| | |
|---|---|
| 1) क्या भूलूं क्या याद करूं | अंतिम समय सीमा |
| 2) संपादकीय पृष्ठ | हरिवंश राय बच्चन |
| 3) डेडलाइन | भक्तिकाल |
| 4) हिन्दी साहित्य का स्वर्णकाल | कथानक |
| 5) झूट का निश्चय होना | भ्रांतिमान अलंकार |
| 6) कहानी का केन्द्र बिन्दु | आनंद यादव |
| 7) आचार्य रामचंद्र शुक्ल | संदेह अलंकार |
| | अलंकार काव्य की आत्मा |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए- (1x7)

1) किशन दा का वास्तविक नाम क्या था ?

2) प्रत्येक पक्ति में 31 वर्ण वाली रचना क्या कहलाती है ?

3) बच्चें किसकी प्रत्याशा में होंगे ?

4) मुद्रित माध्यम की एक प्रमुख विशेषता क्या है ?

5) रस के अंगो के नाम लिखिये ?

6) कैमरे के सामने किसको लाया जाता है ?

7) जहाँ उपमेय को उपमान से श्रेष्ठ बताया जाए, वहाँ कौन सा अलंकार होता है ?

प्र.6 छायावाद युग की कोई दो विशेषतायें लिखिए? 2

अथवा

रीतिकाल को श्रृंगार काल क्यों कहा जाता है ?

प्र.7 भक्तिन का वास्तविक नाम क्या था ? वह अपना नाम लोगों से क्यों छुपाती थी ? 2

अथवा

'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते है ?

प्र. 8 पर्चेजिग पॉवर से लेखक का क्या आशय है ६ 2

अथवा

'काले मेघा पानी दे' से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

प्र.9 करूण रस की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए 2

अथवा

कवित छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

प्र.10 रेखाचित्र और संस्मरण में कोई दो अंतर लिखिए 2

अथवा

निबंध को गद्य की कसौटी क्यों कहा जाता है ।

प्र. 11 संदेह अलंकार को उदाहरण सहित लिखिये 2

अथवा

शब्द शक्ति से क्या अभिप्राय है ? यह कितने प्रकार की होती है ?

प्र.12 मुहावरे और लोकोक्ति में अंतर स्पष्ट कीजिये ? 2

अथवा

गद्य की विधाओं को प्रमुख एवं गौण विधाओं में वर्गीकृत करके लिखिये ।

प्र.13 यशोधर बाबू के चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिये 2

अथवा

जूझ कहानी के आधार पर आपको कौन-कौन से जीवन मूल्य ग्रहण करने की प्रेरणा मिलती है ?

प्र.14 प्रगतिवाद के दो कवि एवं उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिये । 2

अथवा

''शीतल वाणी में आग'' होने का क्या अभिप्राय है ?

प्र.15 एक अच्छे लेखन की प्रमुख विशेषतायें लिखिये ? 2

अथवा

पत्रकारिता में बीट किसे कहते है ?

प्र.16 'कुंवर नारायण- अथवा 'आलोक धन्वा' की काव्यगत विशेषतायें निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिये 3

1) दो रचनाएँ 2) भावपक्ष 3)कलापक्ष

प्र.17 'महादेवी वर्मा' अथवा 'जेनेन्द्र कुमार' की साहित्यिक विशेषतायें निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए । 3

1) दो रचनाएँ 2) भाषा-शैली 3) साहित्य में स्थान

प्र. 18 भाव पल्लवन कीजिये । 3

दूर के ढोल सुहावने होते है ।

अथवा

विलंब से कक्षा में पहुंचने पर शिक्षक छात्र संवाद लिखिये ।

प्र.19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

संस्कार ही शिक्षा है । शिक्षा इंसान को इंसान बनाती है । आज के भौतिकवादी युग में शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य सुख पाना रह गया है । अंग्रेजो ने अपना शासन व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए ऐसी शिक्षा को उपयुंक्त समझा, किंतु यह विचारधारा हमारी मान्यता के विपरीत है । आज की शिक्षा प्रणाली एकाकी है, इसमें व्यावहारिकता का अभाव है, श्रम के प्रति निष्ठा नहीं है । प्राचीन शिक्षा प्रणाली में आध्यात्मिक एवं व्यवहारिक जीवन की प्रधानता थी । शिक्षा केवल नौकरी के लिए जीवन को सही दिशा प्रदान करने के लिए थी । अतः आज के परिवेश में यह आवश्यक है कि इन दोषो को दूर किया जाए, अन्यथा यह दोष सुरक्षा के समान सामाजिक जीवन को निगल जाएगा।

प्र.1 प्राचीन शिक्षा प्रणाली की क्या विशेषता थी ?

प्र.2 वर्तमान शिक्षा प्रणाली में किस चीज का अभाव है ?

प्र.3 उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ?

प्र.20 निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भ प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए - 4

मैं निज रोदन में राग लिए फिरता हूँ,
शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ,
हो जिस पर भूपों के प्रसाद निछावर,
मैं वह खंडहर का भाग लिये फिरता हूँ ।

अथवा

कविता एक खिलना है फूलों के बहाने।
कविता का खिलना भला फूल क्या जानें ।
बाहर भीतर
इस घर, उस घर
बिना मुरझाए महकने के माने
फूल क्या जाने ?

प्र.21 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिये । 4

बाजार में एक जादू है । वह जादू आँख की तरह काम करता है । वह रूप का जादू है पर जैसे चुम्बक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है । जेब भरी हो, और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है । जेब खाली पर मन भरा न हो तो भी जादू चल जाएगा।

अथवा

इस दण्ड विधान के भीतर कोई ऐसी धारा नहीं थी, जिसके अनुसार खोटे सिक्कों की टकसाल - जैसी पत्नी से पति को विरक्त किया जा सकता । सारी चुगली-चबाई की परिणति, उसके पत्नी-प्रेम को बढ़ाकर ही होती थी । जेठानियाँ बात-बात पर धमाधम, पीटी-कूटी जातीं, पर उसके पति ने उसे कभी उँगली भी नहीं छुआई। वह बड़े बाए की बड़ी बात वाली बेटी को पहचानता था।

प्र.22 परीक्षा काल में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर रोक लगाने हेतु जिलाधीश को प्रार्थना पत्र लिखिए । 4

अथवा

नियमित जल आपूर्ति हेतु नगर निगम आयुक्त को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

प्र.23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए ।

1) जल संरक्षण। बिन पानी सब सून।

2) जीवन में खेलो का महत्व।

3) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन।

4) दैनिक जीवन में इंटरने का महत्व।

---